Hkkjrh; turk ikVÊ
Hkkjr l|j{kk ;k=k

अप्रैल 6 – मई 10, 2006

xk ikyxt : अप्रैल 16, 2006

Hkkjrh; turk ikVÊ d jk"Vh; v/;{k Jh jktukFk flg }kjk tkjh c;ku

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस की अगुवाई में बनी केन्द्र की यूपीए सरकार को किसानों की कातिल सरकार करार दिया है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों द्वारा हजारों की संख्या में की जा रही आत्महत्या लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। उन्होंने कहा किसानों की आत्महत्या को राजनैतिक निगाह से नहीं बल्कि "राष्ट्रीय संकट" के रूप में देखना चाहिए। यूपीए सरकार द्वारा किसानों की आत्महत्या को गंभीरता से नहीं लेना दुखद और शर्मनाक है।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार में कृषि मंत्री के नाते हमने 'कृषि बीमा आय योजना' प्रारंभ की थी। लेकिन यूपीए सरकार ने आते ही इस योजना को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वे किसानों की निश्चित आमदनी तय करने की दिशा में 'कृषि बीमा आय योजना' तत्काल लागू करे।

श्री सिंह ने कहा कि भारत में किसानों को चार–पांच (फिसदी) प्रतिशत की दर से कर्ज मिलना चाहिए। ब्याज की दर अधिक होने के कारण किसान आर्थिक रूप से टूट रहे है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार को एक प्रयास यह भी करना चाहिए कि प्रत्येक किसान परिवार के एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने किसानों का भी आह्वान किया कि वे आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या नहीं करे।

श्री सिंह आज चुनाव प्रचार की दृष्टि से पश्चिम बंगाल की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पूर्व गोपालगंज (बिहार) में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह रथ मात्र नहीं बल्कि लोकतांत्रिक तीर्थयात्रा है। भारत सुरक्षा यात्रा को जिस तरह का समर्थन मिल रहा है और आम नागरिक अभिनंदन कर रहे है, उसे देख मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि यह रथयात्रा नहीं मेरे लिए लोकतांत्रिक तीर्थयात्रा है।

बिहार में अपनी यात्रा के अंतिम दिन श्री सिंह ने कहा कि बिहार ने सत्ता परिवर्तन का द्वार खोल दिया। राजद (लालू) को हटाकर राजग के हाथ में सत्ता सौंपी है। परिवर्तन का यह संदेश आज नहीं तो कल पूरे देश में पराक्रम दिखाएगा।

श्री सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जनता दल(यू) और भाजपा के संबंध सदैव सुदृढ़ रहे है और आगे भी रहेंगे। सत्ता और संगठन के बारे में उन्होंने कहा कि दोनों में समन्वय होना चाहिए और इस दिशा में बिहार भाजपा की प्रदेश इकाई सक्रिय है।

श्री सिंह ने भारत सुरक्षा यात्रा को मिले व्यापक जनसमर्थन पर प्रत्येक बिहारवासियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।